मॉडल प्रश्न पत्र–2021–22

विषय–शिक्षाशास्त्र

कक्षा–12

समय–3 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक–100**

नोट : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियो को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

निर्देश :

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रकार का है। प्रश्न संख्या 2 से 6 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न है। प्रश्न संख्या 7 से 12 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है, जिनमें से प्रत्येक का उत्तर 25 शब्दों में, प्रश्न संख्या 13 से 18 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है, जिनमें से प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 19 से 21 तक विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक का उत्तर लगभग 250 शब्दों के अन्तर्गत लिखना हैं।

(iii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित है।

बहुविकल्पीय प्रश्न :–

1. प्रत्येक प्रश्न खण्ड में उत्तर के चार विकल्प दिए गये हैं, जिनमें से केवल एक उत्तर सही है। सही उत्तर उपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए–

(अ) राष्ट्रीय शिक्षा आयोग (1964–66) के अध्यक्ष निम्नलिखित में कौन थें? 1

1. डॉ0 राधाकृष्णन 2. डॉ0 लक्ष्मण स्वामी मुदालियर
3 डॉ0 दौलत सिंह कोठारी 4. डॉ0 यशपाल

(ब) प्रक्षेपण विधि द्वारा किसका मापन किया जाता है? 1

1. व्यक्तित्व का 2. उपलब्धि का 3. रूचि का 4. बुद्धि का

(स) मिड डे मील (मध्यान्ह भोजन) योजना का प्रारम्भ कब हुआ ? 1

1. 1990 में 2. 1995 में 3. 2000 में 4. 2009 में

(द) बौद्ध कालीन शिक्षा का प्रारम्भ किस संस्कार से होता था ? 1

1. उपनयन संस्कार 2. प्रब्रज्जा संस्कार
3. उपसम्पदा संस्कार 4. बिस्मिल्लाह रस्म

Downloaded from cclchapter.com

(य) निम्नलिखित में कौन सा जन्मजात अभिप्रेरणा का उदाहरण है ? 1

1. आदत 2. मनोरंजन 3. महत्वाकांक्षा 4. भूख

निश्चित उत्तरीय प्रश्न :–

2. भारत में अंग्रेजी शिक्षा का महाधिकार पत्र किसे कहा जाता है ? 1
3. थार्नडाइक द्वारा प्रतिपादित सीखने के नियमो में से किसी एक का नामोल्लेख कीजिए? 1
4. केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार परिषद (CABE) का पुनर्गठन कब किया गया ? 1
5. रूचि के दो प्रकार बताइए ? 1
6. हमारे देश में पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम कब पारित किया गया ? 1

अति लघु उत्तरीय प्रश्न :–

7. वैदिक कालीन शिक्षा की चार विशेषताऐं लिखिए ? 4
8. पर्यावरण शिक्षा के किन्ही दो उद्देश्य को बताइए ? 4
9. मनसिक रूप से स्वस्थ्य व्यक्ति के चार लक्षणो का उल्लेख कीजिए। 4
10. पुरस्कार देते समय ध्यान रखने वाली किन्ही चार सावधानियों का उल्लेख कीजिए ? 4
11. बुद्धि और उपलब्धि परीक्षण में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 4
12. स्त्री शिक्षा की किन्ही चार समस्याओ का उल्लेख कीजिए ? 4

लघु उत्तरीय प्रश्न :–

13. समाज शिक्षा (प्रौढ़ शिक्षा) के उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए। 6
14. व्यक्तिगत तथा सामूहिक बुद्धि परीक्षण में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 6
15. सीखने में अभिप्रेरणा का क्या महत्व है ? संक्षिप्त वर्णन कीजिए। 6
16. शिक्षा में ''छनाई के सिद्धान्त'' का वर्णन कीजिए। 6
17. आपदा से क्या समझते है? किसी एक प्राकृतिक आपदा का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 6
18. मानसिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य विज्ञान में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 6

विस्तृत उत्तरीय प्रश्न :–

19. अधिगम के सूझ अथवा अर्न्तदृष्टि सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए तथा इसके शैक्षिक निहितार्थ पर प्रकाश डालिए। 10

Downloaded from cclchapter.com

अथवा

महात्मा गाँधी के शैक्षिक विचारो का वर्णन कीजिए।

20. पर्यावरण की अवधारणा स्पष्ट करते हुए पर्यावरण शिक्षा की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

शैक्षिक स्तर से आप क्या समझते है ? शैक्षिक स्तर के गिरावट के कारणो पर प्रकाश डालते हुए शैक्षिक स्तर के उन्नयन के उपाय सुझाइए।

21. मानसिक स्वास्थ्य विज्ञान से आप क्या समझते है ? शिक्षा में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

व्यक्तित्व से आप क्या समझते है ? व्यक्तिक्व विकास को प्रभावित करने वाले कारको का वर्णन कीजिए।

Downloaded from cclchapter.com